भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

23.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 616 का उत्तर

कोविड-19 के कारण रेलवे कर्मचारियों की मृत्यु

616. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विगत वर्ष के मार्च के महीने में कोविड-19 के कारण लगभग 2000 रेलवे कर्मचारियों ने अपनी जान गंवाई है;

(ख) यदि हां, तो दिवंगत कर्मचारियों के परिवारजनों को कुल कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ग) क्या मंत्रालय का दिवंगत कर्मचारियों के परिवारजनों को नौकरियां प्रदान करने का कोई विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) रेलवे के कितने कर्मचारियों का अभी भी पूर्ण टीकाकरण किया जाना है; और

(च) मंत्रालय द्वारा भारतीय रेलवे के सौ प्रतिशत कर्मचारियों का शीघ्र टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

कोविड-19 के कारण रेलवे कर्मचारियों की मृत्यु के संबंध में दिनांक 23.07.2021 को राज्य सभा में श्री मल्लिकार्जुन खरगे के अतारांकित प्रश्न संख्या 616 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित **विवरण**।

(क): जी हां। कोविड-19 के कारण 2903 रेल कर्मचारियों ने अपनी जान गंवाई है।

(ख) : 2782 मामलों में मृतक रेल कर्मचारियों के परिवारों को पावने की राशि का भुगतान किया गया है।

(ग) और (घ): रेल सेवकों, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अथवा कार्य करने के दौरान जान गंवाई है अथवा उनके चिकित्सकीय रूप से अक्षम हो जाने पर उनके आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नियुक्ति दिए जाने के संबंध में भारतीय रेल की नीति मौजूद है। कोविड-19 के कारण अपनी जान गंवाने वाले रेल कर्मचारियों के परिवार के आश्रित सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नियुक्त करने की योजना के तहत शामिल किया गया है। कोविड-19 के कारण मृत्यु के कुल 2903 मामलों में से 1732 मामलों में अनुकंपा आधारित नियुक्ति दी गई है।

(ङ): कुल रेल कर्मचारियों में से 8,63,868 कर्मचारियों को वैक्सीन की पहली खुराक और 2,34,184 कर्मचारियों को दूसरी खुराक दी गई है।

(च): भारतीय रेल में वैक्सीन अभियान हेतु समुचित संख्या में वैक्सीन केन्द्र स्थापित किए गए हैं और इसके लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सभी रेल कर्मचारियों को वैक्सीन खुराक की उपलब्धता और कर्मचारियों द्वारा वैक्सीन लगवाने की सम्मति के आधार पर शीघ्र से शीघ्र वैक्सीन लगाए जाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

******